# हर दिन 6 .7 करोड़ लोग खरीद रहे ईंधन

## केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री पुरी बोले- भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर रही करोड़ लोग रोजाना ईंधन खरीदते हैं

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर. केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि करीब 6.7 करोड़ नागरिक प्रतिदिन फ्यूल स्टेशन पर ईंधन खरीद रहे हैं, जो कि देश की तेजी से बढ़ती आर्थिक क्षमता को दिखाता है.**

भारत की मजबूत ग्रोथ को लेकर पुरी ने कहा कि देश 4.3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में विकास दर 7.8 प्रतिशत थी.



**24,500 किलोमीटर लंबा**

**गैस पाइपलाइन-** केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, भारत वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 5.5 मिलियन बैरल तेल की खपत करता है, जो इसकी बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं के पैमाने को दर्शाता है. केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारत का गैस पाइपलाइन नेटवर्क फिलहाल जो 24,500 किलोमीटर लंबा है और व्यापक ऊर्जा पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, इसका विस्तार 2030 तक 33,000 किलोमीटर तक किया जा रहा है.

### देश में अब लगभग 8,300 सीएनजी स्टेशन

उन्होंने यह भी बताया कि उज्ज्वला योजना के तहत 10 .60 करोड़ से ज्यादा घरों को एलपीजी कनेक्शन दिए गए हैं, जबकि 1 .55 करोड़ घरों को पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) से जोड़ा गया है . केंद्रीय मंत्री ने कहा, देश में अब लगभग 8,300 सीएनजी स्टेशन हैं जो रोजाना लाखों वाहनों की जरूरतें पूरी करते हैं .स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा की ओर भारत के प्रयासों पर जोर देते हुए, पुरी ने कहा कि 114 सीबीजी प्लांट चालू हैं, और ग्रीन हाइड्रोजन और सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) परियोजनाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है . उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का एनर्जी सेक्टर 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर देश की प्रगति को गति दे रहा है .

# आठ बुनियादी उद्योगों की सितंबर में वृद्धि दर तीन प्रतिशत रही

**नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर.**देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर सितंबर, 2025 में तीन प्रतिशत रही. मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई.ढांचागत क्षेत्रों की वृद्धि दर सालाना आधार पर सुधरी है लेकिन मासिक आधार पर इसमें सुस्ती दर्ज की गई है.अगस्त महीने में इन प्रमुख उद्योगों का उत्पादन 6.5 प्रतिशत बढ़ा था, जबकि पिछले साल सितंबर में यह वृद्धि 2.4 प्रतिशत दर्ज की गई थी.इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान इन आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर गिरकर 2.9 प्रतिशत पर आ गई.

# भारत के निर्यात में वैश्विक विविधता

**भारत के व्यापारिक निर्यात में तिमाही आधार पर 9% बढ़त .**

**सितंबर में निर्यात 6 .7% सालाना वृद्धि के साथ मजबूत .**



**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर: भारत ने अपने निर्यात बाजार में विविधता लाने में सफलता हासिल की है. यूरोप, मध्य पूर्व, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के 20 से अधिक देशों को निर्यात में सालाना आधार पर वृद्धि दर्ज की गई है. इस कदम से देश को अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने में मदद मिली है.**

जुलाई-सितंबर 2025 तिमाही में भारत के व्यापारिक निर्यात में 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई. सितंबर में निर्यात में सालाना आधार पर 6.7 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जिसका मुख्य कारण इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग उत्पाद और समुद्री वस्तुओं का मजबूत निर्यात रहा. भारत को निर्यात बढ़ाने वाले 24 प्रमुख देशों में जर्मनी, बेल्जियम, इटली, पोलैंड, दक्षिण कोरिया, यूएई, ओमान, इराक, मिस्र, रूस, कनाडा, मेक्सिको, ब्राजील, केन्या, नाइजीरिया, तंजानिया, थाईलैंड, वियतनाम और श्रीलंका शामिल हैं. अप्रैल-सितंबर 2025-26 में इन देशों को निर्यात 129.3 अरब डॉलर तक पहुंचा, जो भारत के कुल निर्यात का 59 प्रतिशत है.



# ऑटो बिक्री तोड़ी रिकॉर्ड

**नवरात्र से दिवाली तक 1 लाख से अधिक वाहनों की डिलीवरी**

**त्योहारी सीजन में ऑटो सेक्टर में दिखी रिकॉर्ड रौनक**

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर: देश के ऑटोमोबाइल उद्योग ने इस त्योहारी सीजन में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की है। नवरात्र से दिवाली तक के 30 दिनों में टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी और हुंडई जैसी प्रमुख कंपनियों ने मजबूत बिक्री के साथ ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं।**

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेश चंद्रा ने बताया कि कंपनी ने इस अवधि में 1 लाख से अधिक वाहन ग्राहकों तक पहुंचाए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत की वृद्धि है। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री भी 37 प्रतिशत बढ़कर 10,000 यूनिट्स के पार पहुंची। उन्होंने कहा कि कारों और एसयूवी के पूरे पोर्टफोलियो ने इस उत्सव सीजन में कंपनी की डिलीवरी और बाजार नेतृत्व को मजबूत किया है।

मारुति सुजुकी ने धनतेरस पर अपनी अब तक की सर्वश्रेष्ठ बिक्री दर्ज की। कंपनी ने केवल 24 घंटे में 51,000 से अधिक वाहन बेचे। पिछले एक महीने में करीब 4.5 लाख बुकिंग प्राप्त हुईं। छोटे कार सेगमेंट में 94,000 यूनिट्स की बिक्री हुई, जबकि कुल रिटेल बिक्री 3.5 लाख यूनिट्स तक पहुंची। कंपनी ने 18 सितंबर को जीएसटी लाभ ग्राहकों को हस्तांतरित करते हुए कीमतों में कमी की थी।

### धनतेरस पर हुई करीब 14,000 कारों की डिलीवरी

हुंडई मोटर इंडिया ने भी बुकिंग और डिलीवरी दोनों में मजबूत वृद्धि दर्ज की। कंपनी को रोजाना करीब 18,000 पूछताछ और औसतन 3,500 बुकिंग मिल रही हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। रिटेल बिक्री 30 प्रतिशत बढ़ी है और धनतेरस के दौरान करीब 14,000 कारों की डिलीवरी की गई, जो पिछले वर्ष से 20 प्रतिशत अधिक है। ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल के अध्यक्ष और पूर्व फाडा प्रमुख विनकेश गुलाटी ने कहा कि 22 सितंबर को लागू जीएसटी सुधारों के बाद बिक्री में तेजी आई है और पिछले 50 दिनों में उद्योग का प्रदर्शन उम्मीद से बेहतर रहा है।

# गोयल ने राधाकृष्णन को दी अपने विभागों की पहलों की जानकारी

**नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने नव निर्वाचित उप-राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से राजधानी में मुलाकात कर अपने विभागों के काम-काज और मुख्य पहलों की जानकारी दी. गोयल के साथ वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम भी थी. मंत्री ने विभागों के काम के बारे में उप राष्ट्रपति से उनके बहुमूल्य सुझावों के लिए भी आग्रह किया. गोयल ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में इस बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि अधिकारियों की टीम के साथ उपराष्ट्रपति से मिल कर उन्हें बड़ी प्रसन्नता हुई.

# किसान अपना रहे स्वच्छ ऊर्जा और इनोवेशन

**किसान सौर पैनलों के नीचे खेती भी जारी रख रहे: केंद्रीय मंत्री**

**देश में गैर-जीवाश्म स्रोतों की हिस्सेदारी 50% से अधिक .**

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर: केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के किसान तेजी से इनोवेशन और स्वच्छ ऊर्जा को अपना रहे हैं.**

जोशी ने एक उदाहरण साझा करते हुए बताया कि एक किसान ने अपने खेतों में सोलर पैनल लगाकर प्रतिदिन 25,000 यूनिट बिजली का उत्पादन कर रहा है. साथ ही, पैनल के नीचे खेती भी जारी रखी जा रही है.

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ऊपर लगे सौर पैनलों से प्रतिदिन 25,000 यूनिट बिजली पैदा होती है, जबकि नीचे हरी-भरी फसलें लहलहाती हैं. यह इस बात का शानदार उदाहरण है कि कैसे किसान इनोवेशन और स्वच्छ ऊर्जा को अपना रहे हैं.



केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि भारत ने इस वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर 2025) में रिकॉर्ड 25 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता जोड़ी है . वर्तमान में देश में कुल स्थापित बिजली क्षमता में गैर-जीवाश्म स्रोतों की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक हो गई है, जिससे भारत ने अपने रिन्यूएबल एनर्जी लक्ष्यों को निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले ही पूरा कर लिया है . जोशी ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के 8वें सत्र के उद्घाटन समारोह के दौरान कहा कि भारत की सफलता केवल आंकड़ों की नहीं बल्कि लोगों की कहानी है . यह आयोजन 27 से 30 अक्टूबर तक नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा .

# इंडिगो और एयर इंडिया की घरेलू उड़ानें 26 अक्टूबर से शुरू

**नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर (वार्ता) दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इंडिगो की कुछ उड़ानें 26 अक्टूबर से टर्मिनल-2 से रवाना होंगी.**




इंडिगो ने मंगलवार को बताया कि 26 अक्टूबर से उसकी 6ई 2000 से 6ई 2999 नंबर तक की सभी उड़ानें टर्मिनल-2 से रवाना होंगी. इसके अलावा 6ई 5000 से 6ई 5999 नंबर तक की सभी उड़ानें टर्मिनल-3 से रवाना होंगी. इनके अलावा अन्य सभी उड़ानें टर्मिनल-1 से जायेंगी. अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें पहली की तरह टर्मिनल-3 से ही जायेंगी. उल्लेखनीय है कि नये सिरे से तैयार टर्मिनल-2 पर 26 अक्टूबर से फिर से उड़ानें शुरू हो रही हैं. इससे पहले क्षमता विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए इस टर्मिनल को छह महीने तक बंद रखा गया था. दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया था कि 26 अक्टूबर से टर्मिनल-2 से एयर इंडिया और इंडिगो कुल 120 घरेलू उड़ानों का परिचालन शुरू करने वाली है. करीब 40 साल पहले निर्मित टी-2 को इस साल अप्रैल में बंद कर इसके आधुनिकीकरण का काम शुरू किया गया था. अब यात्रियों को खुद बैगेज ड्रॉप करने की सुविधा मिलेगी.

# मुहूर्त ट्रेडिंग में बाजार रहा मजबूत

**84,426** अंक पर बंद हुआ सेंसेक्स

**25,868** अंक पर रुका निफ्टी

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर: शक संवत 2082 के पहले दिन दिवाली के अवसर पर मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में दोपहर 1:45 बजे से एक घंटे का मुहूर्त कारोबार हुआ जिसमें शेयर बाजारों में तेजी रही.**



बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 62.97 अंक (0.07 फीसदी) चढ़कर 84,426.34 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 25.45 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,868.60 अंक पर पहुंच गया. यह दोनों सूचकांकों का नया रिकॉर्ड स्तर है.बढ़त में खुलने के बाद कुछ समय के लिए बाजार लाल निशान में भी चला गया था, लेकिन बाद में उसने वापसी की.निवेशक दिवाली के दिन मुहूर्त कारोबार में शेयर खरीदना शुभ मानते हैं और इसे लेकर उनमें काफी उत्साह रहता है. सार्वजनिक बैंकों और रियलिटी क्षेत्र की कंपनियों को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही. फार्मा, धातु, स्वास्थ्य और ऑटो सेक्टरों में ज्यादा लिवाली रही.

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 में तेजी और अन्य 13 में गिरावट रही. बजाज फिनसर्व का शेयर सबसे अधिक 1.42 प्रतिशत की तेजी रही. एक्सिस बैंक का शेयर 0.80 फीसदी और इंफोसिस का 0.72 फीसदी की बढ़त में बंद हुआ. महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस और टाटा स्टील के शेयरों में भी मजबूती देखी गयी.

# आरबीआई ने अगस्त में 7 .7 अरब डॉलर बेचे

**मुंबई, 21 अक्टूबर.** भारतीय रिजर्व बैंक ने विनिमय दर में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने और अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपये के मूल्य में गिरावट को रोकने के लिए अगस्त में 7.7 अरब अमेरिकी डॉलर बेचे.आरबीआई के नवीनतम बुलेटिन में प्रकाशित अमेरिकी डॉलर की बिक्री/खरीद के आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में केंद्रीय बैंक की अमेरिकी डॉलर की शुद्ध बिक्री 7.69 अरब अमेरिकी डॉलर रही जो पिछले महीने की तुलना में लगभग तीन गुना है.आंकड़ों के अनुसार, केंद्रीय बैंक ने जुलाई और अगस्त में अमेरिकी डॉलर नहीं खरीदे.


## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी, बेगमगंज, जिला रायसेन

क्रमांक/814/रीडर-1 | बेगमगंज, दिनांक 23/7/2025

### उद्घोषणा

**(धारा-6 भारतीय वन अधिनियम 1927 के अंतर्गत)**

एतद् द्वारा सर्व संबंधित एवं ग्रामवासियों ग्राम केशलोन ता . पडरिया, प .ह .नं . 47, ग्राम पंचायत उदका, तहसील बेगमगंज, जिला रायसेन को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भूमि को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 4 के अनुसार मध्यप्रदेश शासन ने आरक्षित वन घोषित करने का विनिश्चय किया है . तदाशय की अधिसूचना मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 28/8/1970 को प्रकाशित की जा चुकी है, जिसमें वन की स्थिति एवं सीमाएं विनिर्दिष्ट की गई हैं . यह भूमि आरक्षित हो जाने पर किसी भी प्रकार का दखल, प्रवेश, उपयोग, मार्ग एवं चराई अधिकार, वनोपज संबंधी अधिकार, उत्खनन संबंधी अधिकार, कृषि आदि जीविकोपार्जन अधिकार बंद एवं प्रतिबंधित हो जावेगा . उल्लंघन होने पर भारतीय वन अधिनियम 1927, वन संरक्षण अधिनियम 1980 एवं अन्य सुसंगत वन विधियों व विधानों के अंतर्गत दंडात्मक कार्यवाही की जा सकेगी . अत : एतद् द्वारा अपेक्षा की जाती है कि इस उद्घोषणा के प्रकाशन दिनांक से तीन माह के अंदर कोई भी या समस्त हितग्राही व्यक्ति, पक्षकार आदि उपरोक्त कार्यालय में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी बेगमगंज, जिला रायसेन के समक्ष उपस्थित होकर अपने अधिकार, दावाकृत प्रतिकार, स्वत्व आदि बावत् प्रमाणों, दस्तावेजों सहित लिखित सूचना, आपत्ति आदि प्रस्तुत करें तथा प्रमाणित करें . उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा .

**उद्घोषणा आज दिनांक 23/7/2025 को मेरे हस्ताक्षर से जारी .**

**अनुविभागीय अधिकारी**
**(राजस्व) बेगमगंज, जिला रायसेन (म .प्र .)**

G20438/25




# शरद पवार शामिल होंगे जेपीसी में !

**मुंबई.** एनसीपी के संस्थापक शरद पवार की पार्टी ने कांग्रेस को झटका दिया है. गिरफ्तारी और 30 दिन की हिरासत पर मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और प्रधानमंत्री को पद से हटाने के लिए लाए गए संविधान संशोधन विधेयक पर विचार के लिए बनी संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी में पवार की पार्टी शामिल होगी. गौरतलब है कि बहुत इंतजार के बाद कांग्रेस ने सोमवार को ऐलान किया कि वह जेपीसी में शामिल नहीं होगी. उसने ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल और लेफ्ट पार्टियों के दबाव में यह फैसला किया. इन पार्टियों ने पहले ही जेपीसी के बहिष्कार का ऐलान कर दिया था. कांग्रेस पहले चाहती थी कि विपक्ष जेपीसी में शामिल हो लेकिन अंत में वह दूसरी पार्टियों के साथ गई.

# जदयू में 7 प्रत्याशियों की उम्र 70 पार

**पटना. उम्र को किनारे रख जदयू ने अपने पुराने दिग्गजों पर खूब भरोसा किया है. सत्तर के पार हो चुके चार प्रत्याशी इस बार जदयू की टिकट पर मैदान में हैं. इनमें तो दो ऐसे भी हैं जिनकी उम्र 79 वर्ष की हो चुकी है. वहीं, ऐसे प्रत्याशी काफी हैं जो 60 के पार के हैं. युवा प्रत्याशी भी खूब हैं जो पहली बार जदयू की टिकट पर मैदान में जोर आजमाएंगे. इनमें ऐसे उम्मीदवारों की संख्या अधिक है जो राजनीतिक परिवार से संबंध रखते हैं.**

सुपौल से जदयू की टिकट पर बिजेंद्र प्रसाद यादव फिर से मैदान में हैं. उनकी उम्र 79 वर्ष की है. इसी तरह हरनौत से जदयू के प्रत्याशी हरिनारायण सिंह की उम्र भी 79 वर्ष की है. पूर्व सांसद चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे. उनकी उम्र 73 वर्ष की है. इसी तरह आलमनगर विधानसभा क्षेत्र जदयू की टिकट पर फिर से मैदान में उतरे नरेंद्र नारायण यादव 74 वर्ष के हैं. निर्मली विधानसभा क्षेत्र से जदयू की टिकट पर चुनाव लड़ रहे अनिरुद्ध प्रसाद यादव 76 साल के हैं. फुलवारीशरीफ से चुनाव लड़ रहे श्याम रजक की उम्र 71 वर्ष है. बेलदौर से पन्नालाल पटेल की उम्र 77 वर्ष की है. जदयू की टिकट पर मैदान में आ चुके कई प्रत्याशी ऐसे हैं जो 60 के पार हो चुके हैं. इनमें झादर राझा विधानसभा क्षेत्र से लड़ रहे दामोदर रावत 66 वर्ष के, कल्याणपुर (सुरक्षित) विधानसभा क्षेत्र से लड़ रहे महेश्वर हजारी 63 साल, महाराजगंज से लड़ रहे हेमनारायण साह 64, नालंदा से लड़ रहे श्रवण कुमार 68 वर्ष के हैं.

# मखाने ने मचाई धूम, रकबा और पैदावार हुई दोगुनी

**नयी दिल्ली ,21 अक्टूबर. भारत में मखाने का उत्पादन 2020 से 2025 के बीच दोगुना होकर लगभग 63,000 टन तक पहुंच गया है. मखाना कारोबार को बढ़ाने के सरकार के प्रयासों के बीच इसके निर्यात में भी जोरदार उछाल दर्ज किया गया है. भारत विश्व का सबसे बड़ा मखाना उत्पादक देश है.**


कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के अनुसार देश से मखाने का निर्यात तेज़ी से बढ़ने के मद्देनजर 2020 में 6,700 टन मखाने का निर्यात हुआ था जबकि 2024 में यह बढ़कर 25,130 टन तक पहुंच गया . दुनिया में इसके प्रमुख खरीदार अमेरिका, कनाडा, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया हैं. हाल में अमेरिका की ओर से लगाये गये अधिक आयात शुल्क के बावजूद यूरोप, दक्षिण एशिया और अफ्रीका में इसके नये बाजार और नये अवसर बन रहे हैं.

विदेशों के अलावा मखाने का घरेलू बाजार भी खासा मजबूत है. वित्त वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक मखाना उद्योग 17 से 18 प्रतिशत सालाना दर से बढ़ा और इसका कारोबार 8,000-8,500 करोड़ रुपये तक पहुंच गया. बढ़ती सेहत-जागरूकता और पोषक तत्वों से भरपूर होने के कारण मखाना एक महंगे सुपरफूड के रूप में उभर रहा है. देश में मखाने की खेती का केंद्र बिहार है.


## कार्यालय थाना प्रभारी, थाना हनुमानगंज, भोपाल

क्रमांक/था .प्र ./हनु . गंज/भो/मर्ग क्र . 27/25 | दिनांक 17/10/2025

### जाहिर सूचना



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22/8/25 को सूचक देवीदास वाधवानी पिता गांधीमल वाधवानी, उम्र 66 साल नि . म .नं . 47, एडवोकेट कॉलोनी, ईदगाह हिल्स शाहजहांनाबाद भोपाल, मो .नं . 9827053408 ने अपने कर्मचारी देवेन्द्र पंथी के थाना उपस्थित आकर सूचना दिया कि मैं उपरोक्त पते पर रहता हूं तथा गांधी ट्रेडर्स नाम से दुकान चलाता हूं, आज दिनांक 22/8/25 के सुबह 11 बजे मैं अपनी दुकान आया, जहां मेरी दुकान के सामने एक अज्ञात व्यक्ति उम्र करीबन 55 साल का लेटा हुआ था, जिसे मैंने व मेरे कर्मचारी देवेन्द्र पंथी ने हिला-डुला कर देखा तो कोई हरकत नहीं कर रहा था, जिसकी मृत्यु हो गई . जिसका हुलिया चेहरा गोल, रंग गेहुंआ, सफेद दाड़ी-मूंछ, कद 5 .6 फीट, चाकलेटी धारीदार शर्ट, नीले रंग का पेंट पहने है . सूचना देता हूं कार्यवाही की जावे, की सूचना पर मर्ग सदर का कायम कर कायमी की सूचना पृथक से एसडीएम महोदय हनुमानगंज संभाग को दी जाती है . नोट प्रआर 974 उपेन्द्र सिंह बघेल की सीसीटीएनएस आईडी न होने से सउनि चन्द्रभान सिंह की आईडी में जांच दी जाती है . जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है . यदि अज्ञात पुरुष के संबंध में किसी को कोई जानकारी हो तो थाना हनुमानगंज भोपाल दूरभाष क्रमांक- 0755-2677323, जांचकर्ता प्र .आर . 974 उपेन्द्र सिंह बघेल मो .नं . 7987758576 पर तत्काल संपर्क करें .

**थाना प्रभारी**
**थाना हनुमानगंज, भोपाल**

G20465/25



भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(मानव संसाधन प्रभाग -II)

**मुख्य कार्यालय, द्वार सं.10**
**(पूर्वी द्वार), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम**
**लोधी रोड़, नई दिल्ली – 110003**

फाइल सं. 01-04001(01)/6/2021- मुख्यालय - कार्मिक प्रभाग | दिनांक: 07-10-2025

**भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, करियावट्टम, तिरुवनंतपुरम में सहायक प्राध्यापक (शारीरिक शिक्षा) के पद पर नियमित आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।**

**भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI)** लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, करियावट्टम, तिरुवनंतपुरम में **सहायक प्राध्यापक (शारीरिक शिक्षा)** के पदों पर नियमित आधार पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। कुल **06 पद (4-सामान्य, 1-OBC, 1-EWS)** हैं। पात्र और योग्य भारतीय नागरिक अपनी पात्रता, अनुभव, स्व-सत्यापित प्रमाणपत्र/दस्तावेज और पासपोर्ट आकार की फोटो के साथ केवल **ऑनलाइन पोर्टल** के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 09-10-2025 (सुबह 10 बजे) से प्रारंभ होगी और अंतिम तिथि 08-11-2025 (शाम 5 बजे) है। पदों की संख्या केवल संकेतात्मक है और SAI वास्तविक कार्यभार के अनुसार नियुक्ति करेगा। योग्यता **UGC विनियम, 2018** के अनुसार होगी। SAI बिना किसी कारण बताए इस विज्ञापन को वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी और ऑनलाइन आवेदन के लिए वेबसाइट देखें: www.sportsauthorityofindia.nic.in विस्तृत विज्ञापन, पात्रता मापदंड, आवेदन प्रपत्र एवं निर्देश भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट (www.sportsauthorityofindia.nic.in) पर उपलब्ध होंगे।

CBC 47103/12/0015/2526



भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(Human Resources Division -II)
(मानव संसाधन प्रभाग -II)

**मुख्यालय, जे एन स्टेडियम कॉम्प्लेक्स,**
**गेट नं. 10, लोधी रोड, सीजीओ कॉम्प्लेक्स,**
**नई दिल्ली-110003**

फ़ाइल संख्या: 01-04001(03)/12/2025-66 | दिनांक: 30-09-2025
File No. 01-04001(03)/12/2025-66 | Date: 30-09-2025

**भारतीय खेल प्राधिकरण भर्ती – कार्यकारी निदेशक पद**

भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय है, अपने मुख्यालय (नई दिल्ली) एवं विभिन्न क्षेत्रीय केंद्रों में **निदेशक के 08 पदों** को भरने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। यह पद **वेतन मैट्रिक्स लेवल-13A, ₹1,33,100 – ₹2,16,600 (पे-बैंड-4, ₹37,400–₹67,000 + ₹8,900/- ग्रेड पे)** पर **प्रतिनियुक्ति (डिप्यूटेशन) सहित अल्पकालीन अनुबंध के आधार पर 03 वर्षों** की अवधि के लिए भरे जाएंगे। पात्र अधिकारी निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन **निदेशक (मानव संसाधन प्रभाग-I), कक्ष संख्या-210, भारतीय खेल प्राधिकरण, जे.एन. स्टेडियम कॉम्प्लेक्स, गेट-10, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003** पर भेज सकते हैं।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **30 अक्टूबर, 2025 (शाम 5:00 बजे तक)** है। विस्तृत विज्ञापन, पात्रता मानदंड, प्रारूप एवं निर्देश SAI की वेबसाइट (www.sportsauthorityofindia.nic.in) पर उपलब्ध होंगे।

CBC 47103/12/0014/2526



## कार्यालय पुलिस थाना हंडिया जिला हरदा म .प्र .

pshandia258@gmail.com

क्र . था .प्र ./हंडिया/699/25 | दिनांक 24/8/2025

### प्रेस विज्ञप्ति

**(अज्ञात मृतक पुरुष के संबंध में सूचना)**



दिनांक 17/8/25 को समय लगभग 10 .30 बजे सुबह, कामाख्या मंदिर नर्मदा घाट, हंडिया में एक अज्ञात पुरुष का शव पानी में औंधे पड़ा हुआ पाया गया . शव की स्थिति से अनुमानित आयु लगभग 55-60 वर्ष है . मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है .

**मृतक का विवरण- लिंग-** पुरुष, **उम्र-** लगभग 55-60 वर्ष, **पोशाक-** मटमैली रंग की बनियान, लंगोट, **गले में-** तुलसी की माल, **कमर में-** धागा एवं चाबी बंधी हुई, **अन्य-** जनेऊ पहना हुआ, **शव की स्थिति-** गली हुई अवस्था, **अनुमानित मृत्यु-** 3-4 दिन पूर्व, **शव का स्थान-** कामाख्या मंदिर के पास, नर्मदा नदी घाट, हंडिया .

**संपर्क सूत्र- कंट्रोल रूम हरदा-** 7587619557, **थाना हंडिया-** 7587643885, **थाना प्रभारी हंडिया-** 9479993163, **जांचकर्ता अधिकारी प्रआर ब्रजेश साहू-** 9893289922 .

यदि किसी व्यक्ति को इस मृतक की पहचान संबंधी कोई जानकारी हो तो कृपया उपरोक्त नंबरों पर संपर्क करें .

आपकी जानकारी मृतक की पहचान एवं उसके परिजनों तक सूचना पहुंचाने में सहायक हो सकती है .

**सहयोग करें, मानवता निभाएं**

**थाना प्रभारी**
**थाना हंडिया, जिला हरदा**
**फोन नं . 07577-272258**

G20460/25